

[काका कालेलकार]

जीवन परिचय

जीवन परिचय -ः

काका कालेलकार का जन्म महाराष्ट्र के सतारा जिले में 1 दिसम्बर सन् 1885 ई० को हुआ था। कालेलकार हिन्दी के उन उन्नायक साहित्यकारों में से हैं जिन्होंने अहिन्दी भाषा क्षेत्र का होकर भी हिन्दी सीखकर उसमें लिखना प्रारम्भ किया। उन्होंने राष्ट्रभाषा के प्रचार-कार्य को राष्ट्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत माना है। काका कालेलकार ने सबसे पहले हिन्दी लिखी और फिर दक्षिण भारत में हिन्दी प्रचार का कार्य प्रारम्भ किया। अपनी सूझबूझ, विलक्षणता और व्यापक अध्ययन के कारण उनकी गणना देश के प्रमुख अध्यापकों एवं व्यवस्थापकों में होती है। काका साहब उच्चकोटि के विचारक एवं विद्वान थे। भाषा प्रचार के साथ-साथ इन्होंने हिन्दी और गुजराती में मौलिक रचनाएँ भी की।

कृतियाँ – काका साहब की कृतियाँ निम्नलिखित हैं।

निबन्ध संग्रह -:

जीवन साहित्य, जीवन का काव्य — इन विचारात्मक निबन्धों में इनके संत व्यक्तित्व और प्राचीन भारतीय संस्कृति की सुन्दर झलक मिलती है।

आत्म चरित्र -:

'धर्मोदय' तथा 'जीवन लीला' इनमें काका साहब के यथार्थ व्यक्तित्व की सजीव झाँकी है।

यात्रा वृत्त -:

'हिमालय प्रवास', 'लोकमाता यात्रा' उस पार के पड़ोसी आदि प्रसिद्ध हैं।

संस्मरण -:

संस्मरण तथा बापू की झाकियाँ इन रचनाओं में महात्मा गाँधी के जीवन का चित्रण है।

सर्वोदय साहित्य -:

आपकी सर्वोदय रचना में सर्वोदय से सम्बधित विचार है।